एथेनाल उत्पादन का हब बनेगी गोरक्षनगरी

गीडा में केयान डिस्टिलरी के अनाज आधारित एथेनाल प्लांट का छह अप्रैल को उद्घाटन करेंगे सीएम योगी

जागरण संवाददाता, गोरखपुर: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश का नंबर वन एथेनाल उत्पादक राज्य बन चुके उत्तर प्रदेश में अब गोरखपुर भी एथेनाल उत्पादन में बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है। जिले में एक बड़े एथेनाल प्लांट का मुख्यमंत्री उद्घाटन करने जा रहे हैं। दो और प्लांट में जल्द ही उत्पादन शुरू हो जाएगा। ऐसे में एक ही जिले में तीन स्थानों पर एथेनाल उत्पादन होने से गोरखपुर जल्द ही पूर्वी उत्तर प्रदेश में एथेनाल उत्पादन का हब बनकर उभर सकता है।

मुख्यमंत्री की मंशा गोरखपुर को ग्रीन एनर्जी के नए केंद्र के रूप में विकसित करने की है। इसी क्रम में योगी सरकार की निवेश प्रोत्साहन नीति से गोरखपुर में निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा एथेनाल प्लांट गीडा के सेक्टर 26 में बनकर तैयार हो चुका है। 1200 करोड़ रुपये की यह निवेश परियोजना मेसर्स केयान डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड की है। इसके प्लांट का शिलान्यास 12 अगस्त 2023 को मुख्यमंत्री ने किया था और अब छह अप्रैल को वह इसका उद्घाटन भी करने जा रहे हैं। केयान डिस्टिलरी के प्रबंध निदेशक विनय सिंह का कहना है कि उनकी डिस्टिलरी में अनाज (चावल और मक्का) आधारित एथेनाल का उत्पादन शुरू हो गया है। प्रथम चरण में तीन लाख लीटर प्रतिदिन की उत्पादन क्षमता का प्लांट क्रियाशील किया गया है। तीन चरणों में इसके विस्तार के बाद कुल उत्पादन क्षमता 10 लाख लीटर प्रतिदिन की हो जाएगी। एथेनाल की खपत के लिए इंडियन आयल के साथ केयान का पहले ही एमओयू हो चुका है। इस प्लांट ने प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से चार हजार लोगों के लिए रोजगार का मार्ग भी प्रशस्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री की पहल पर पिपराइच चीनी मिल में भी एथेनाल का उत्पादन किया जाएगा।

इसके लिए प्लांट लगाने को सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में 90 करोड़ रुपये की व्यवस्था भी कर दी है। इस डिस्टिलरी की उत्पादन क्षमता 60 हजार लीटर प्रति दिन होगी। यहां गन्ने के रस से सीधे एथेनाल बनाने वाले प्लांट की स्थापना की जा सकती है। इस चीनी मिल में एथेनाल उत्पादन होने से किसानों को गन्ना मूल्य भुगतान और त्वरित हो सकेगा।

वहीं जिले के धुरियापार में भी आने वाले दिनों में एथेनाल का उत्पादन होगा। यहां सरकार की पहल पर इंडियन आयल की बायो फ्यूल कांप्लेक्स की परियोजना मूर्त हो रही है। इस परियोजना के पहले चरण में 165 करोड़ रुपये की लागत से कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) का प्लांट लोकार्पित हो चुका है। बायो फ्यूल कांप्लेक्स प्रोजेक्ट के दूसरे चरण में एथेनाल का उत्पादन होगा।

गीडा सीईओ ने डिस्टिलरी पहुंच जांची तैयारी

सहजनवां : गीडा सेक्टर 26 में स्थित कियान डिस्टलरी में छह अप्रैल को प्रस्तावित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर प्राधिकरण की सीईओ अनुज मलिक ने बुधवार को फैक्ट्री का निरीक्षण कर तैयारी देखी। उन्होंने मंच से लेकर मैदान तक व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। कियान डिस्टलरी में एथेनाल प्लांट लगाने का काम पूरा हो चुका है। प्लांट के लोकार्पण के लिए मुख्यमंत्री छह अप्रैल को फैक्ट्री में आएंगे। उनके आगमन को लेकर फैक्ट्री प्रबंधन के साथ ही गीडा प्रशासन तैयारी में जुटा है। सीईओ ने फैक्ट्री परिसर का भ्रमण कर कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी ली। ओएसडी अनुपम मिश्रा, सुरेश यादव, बृजेश अहिरवार, डा. शैलेंद्र कुमार सिंह, अमित पाडेय आदि मौजूद रहे।

कमिश्नर ने परखी मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : कमिश्नर अनिल ढींगरा ने बुधवार को मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी जांची। उन्होंने पांच अप्रैल को जीडीए और छह अप्रैल को गीडा में होने वाले कार्यक्रम की जानकारी ली, फिर रामगढ़ताल क्षेत्र में पहले दिन के कार्यक्रम स्थल और प्राधिकरण की उन प्रमुख परियोजनाओं को देखा, जिनका मुख्यमंत्री निरीक्षण करेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पांच अप्रैल को दोपहर बाद करीब 3.30 बजे पहले ताल रिंग रोड फिर कन्वेंशन सेंटर, गोरक्ष एन्क्लेव और कार्निवाल पार्क का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री चंपा देवी पार्क के बगल में आयोजित समारोह में जीडीए की 1490 करोड़ की 31 परियोजनाओं का शिलान्यास और 104 करोड़ की 75 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण कार्यों में रिंग रोड, गोरक्ष एन्क्लेव और फन जोन के अलावा जीडीए की ओर से अवस्थापना एवं अन्य मदों से कराए गए पार्क सुंदरीकरण, सड़क, लाइटिंग आदि के कार्य शामिल हैं। चंपा देवी पार्क के पास खाली मैदान में मुख्यमंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगे। बुधवार को कमिश्नर ने मौके पर पहुंच जनसभा स्थल का निरीक्षण किया और गुरुवार तक तैयारी पूरी कर लेने के निर्देश दिए। इस दौरान जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्द्धन, ओएसडी प्रखर उत्तम, प्रभारी मुख्य अभियंता किशन सिंह समेत प्राधिकरण के कई अधिकारी व अभियंता मौजूद रहे।

रामगढ़ताल क्षेत्र स्थित फन कार्निवाल का निरीक्षण करते कमिश्नर अनिल ढींगरा, जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्द्धन और ओएसडी प्रखर उत्तम • जागरण

5 अप्रैल को 1,600 करोड़ की 106 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ